
Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की



उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित

अभी जेल में ही रहेगे मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल...०१

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

हथियारों की आपूर्ति को लेकर प्रधानमंत्री नाराज........०६

वर्ष: ०1 अंक: 346 बदायूं, शनिवार 22 जून 2024 पृष्ठ- ०6 मूल्य- 4.०० रूपये

## सुनवाई पूरी होने तक जेल में ही रहेंगे अरविन्द केजरीवाल



**दिल्ली।** उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत पर फिलहाल रोक लगा दी है और फैसला सुरक्षित रखा है। माना जा रहा है कि दो से तीन दिन पर इस पर फैसला आएगा। तब तक उन्हें तिहाड़ जेल में ही रहना होगा। बता दें कि गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। इस पर ईडी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का रुख किया था। ईडी ने इस मामले को तत्काल सुनवाई की मांग की। ईडी की याचिका पर सुनवाई को लिए हाईकोर्ट सहमत हो गया है।

ईडी का दावा है कि हमको अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करने का पूरा मौका नहीं दिया क्या, इसलिए निचली अदालत के जमानत के फैसले पर रोक लगाई जाए। अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के वकील को सलाह दी कि आपको अदालत के फैसले को सम्मान के साथ स्वीकार करना चाहिए। हाईकोर्ट की सुनवाई के बाद ही साफ होगा कि अरविंद केजरीवाल आज रिहा होंगे या नहीं। दिल्ली हाईकोर्ट का कहना है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश को तब तक प्रभावी नहीं किया जाएगा जब तक वह सीएम केजरीवाल को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली की याचिका पर सुनवाई नहीं कर लेता।


आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ईडी के केजरीवाल की जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट जाने को लेकर कहा, मोदी सरकार की गुंडागर्दी देखिए अभी ट्रायल कोर्ट का आदेश ही नही आया आदेश की कॉपी भी नहीं मिली तो मोदी की ईडी हाईकोर्ट में किस आदेश को चुनौती देने पहुंच गई? क्या हो रहा है इस देश में? न्यायव्यवस्था का मजाक क्यों बना रहे हो मोदी जी पूरा देश आपको देख रहा है?

वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, श्देश में तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि ईडी किसी को छूट भी नहीं देना चाहती। ईडी अरविंद केजरीवाल जी के साथ देश के आतंकवादी की तरह व्यवहार कर रही है। अभी तो केजरीवाल जी की जमानत का आदेश अपडेट भी नहीं हुआ था कि ईडी स्टे लगवाने के लिए हाईकोर्ट पहुंच गई। लेकिन अभी हाईकोर्ट का फैसला आना बाकी है और हम आशा करते हैं कि हाईकोर्ट न्याय करेगा।

गुरुवार को दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत प्रदान करते हुए आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले जमानत प्रदान कर दी। इससे पहले केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनावों में प्रचार किए लिए जमानत प्रदान की थी। उसके बाद दो जून को उन्होंने समर्पण कर दिया था। अवकाश न्यायाधीश नियाय बिंदु ने केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दो दिनों तक सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। इससे पहले उन्होंने दिन में दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## तेजस्वी यादव नीट पेपर लीक जांच में पूछताछ के लिए तैयार

### आप्त सचिव का नाम आने पर क्या बोले



**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के द्वारा तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम कुमार का नाम नीट पेपर लीक मामले में आने पर तेजस्वी यादव ने भाजपा पर मामले को डाइवर्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा मामले को डाइवर्ट करना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि नीट धांधली मामले में अगर प्रीतम कुमार का नाम आता है तो उनको उनको बुलाकर पूछताछ कर लिया जाय। तेजस्वी ने कहा है की जरूरत इस बात की है तो बुला कर पूछताछ कर ले जो भी दोषी है, उन्हें गिरफ्तार करें। अगर इन लोगों से नहीं हो रहा है तो मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बोल देता हूं कि जो भी दोषी हैं उनको गिरफ्तार करें।

तेजस्वी ने सीधा तौर पर कहा कि जो इंजीनियर गिरफ्तार हुआ है वह बेनिफिशियरी हो सकता है लेकिन मास्टरमाइंड अमित आनंद और मास्टरमाइंड नितेश कुमार है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने फोटो भी साझा कर दिया है। तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा पर हमला करते हुए कहा कि उन्हें कोई ज्ञान नहीं है। तेजस्वी यादव ने सिस्टम पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती के जो आरोपी थे वह बिना जेल गए बाहर-बाहर बिल भी ले लिया। हम लोगों को सारी जानकारी है। तेजस्वी ने कहा कि पूरे मामले को डायवर्ट कर हमसे जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम तो कह ही रहे हैं कि जिनको जो जांच करनी है, कर ले। अंतिम में तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरते हुए कहा कि जब से प्रधानमंत्री बिहार का लगातार दौरा कर रहे हैं तब से बिहार में पुल गिर रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि और कुछ ना कुछ हो ही रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री हर मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### एक नजर

## गिरफ्तार किए विपक्षी नेताओं के खिलाफ कोई सबूत नहीं

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को दावा किया कि महाराष्ट्र, दिल्ली और झारखंड में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए गए विपक्षी नेताओं के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उन्होंने यह टिप्पणी अदालत द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दिए जाने के एक दिन बाद की। मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने अपनी गिरफ्तारी के साथ केजरीवाल, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख और नवाब मलिक जैसे अन्य विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी की तरफ इशारा किया। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र, दिल्ली और झारखंड में केंद्रीय एजेंसियों ने जिन मंत्रियों को गिरफ्तार किया था, उनके खिलाफकोई सबूत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में खिचड़ी और कोविड-19 घोटालों में की गई गिरफ्तारियां भी राजनीतिक कारणों से की गई थीं।

## सांसद-विधायकों की आपसी लड़ाई ने यूपी में बिगाड़ा भाजपा का खेल, चुनाव की जगह लड़ रहे थे खुद की जंग



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में हार के कारणों की पड़ताल के लिए ग्राउंड रिपोर्ट पर निकले विशेष दस्ता के सदस्यों (भाजपा के पदाधिकारी) ने भले ही अभी तक अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है, पर अब तक की पड़ताल में यह साफ हो गया है कि तमाम सीटों पर लोकसभा प्रत्याशियों, विधायकों और संगठन के पदाधिकारियों के बीच चुनाव से अधिक खुद की जंग अधिक सिद्दत से लड़ी गई। इसका नतीजा हुआ कि यूपी में भाजपा 8० सीट जीतने के लक्ष्य से जहां चूक गई, वहीं, अपने कोर वोट बैंक गैर यादव पिछड़ी जातियों की करीब 8 फीसदी से अधिक वोट भी गंवा बैठी है।

बता दें कि 2०19 के चुनाव की तुलना में इस चुनाव में करीब आधी सीट गंवाने की टीस ने भाजपा को अंदर से हिला कर रख दिया है। इसलिए चुनाव के पहले तक कागजों पर सक्रिय रहा पार्टी संगठन अब हर लोकसभा क्षेत्र में जाकर जमीनी हकीकत परख रही है। इसके लिए संगठन ने सभी 8० सीटों पर संगठन के पदाधिकारियों की 4० टीमें बनाकर भेजा है। इस टीम के लोग क्षेत्र में जाकर हार के कारण तलाश रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक अधिकांश सीटों पर हार की समीक्षा करने पहुंची टीम के सामने प्रत्याशियों, क्षेत्रीय पार्टी विधायकों और संगठन के स्थानीय पदाधिकारियों के बीच शीत युद्द की बात सामने आई है। सभी एक-दूसरे के सिर पर हार का ठीकरा फोड रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि स्थानीय संगठन और पदाधिकारी जहां सांसद-विधायक की आपसी जंग और जनता में सांसद विरोधी लहर को प्रमुख कारण बता रहे हैं, वहीं, संविधान और आरक्षण के मुद्दे व जमीनी कार्यकर्ताओं की शिथिलता जैसे भी कारण सामने आए हैं। तमाम सीटों पर मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत भी सामने आई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मतदाताओं के नाम कट गए हैं।

## नीट व यूजीसी नेट की परीक्षा में हुई धांधली को लेकर कांग्रेस का जबरदस्त प्रदर्शन



**लखनऊ।** नीट परीक्षा में हुई धांधली और यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द करने के लिए जिम्मेदार प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश मुख्यालय से विधान सभा घेराव के लिए निकले। हालांकि थोड़ा ही आगे चलने पर बैरिकेडिंग कर पुलिस ने सभी को रोक लिया। यहां कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। इसी बीच अजय राय समेत पार्टी नेता बैरिकेडिंग लांघकर आगे बढ़ने लगे। पुलिस ने बलपूर्वक उनको रोका और यहां भी काफी धक्का मुक्की हुई। इसके बाद पुलिस जबरदस्ती प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डेन ले गई। इस दौरान कार्यकर्ता छात्रों के हित में परीक्षा रद्द करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

## अखिलेश की मांग, गुजराती कंपनी और उसके मालिक के खिलाफ एफआईआर सार्वजनिक करे सरकार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक और गुजरात की कंपनी से इसके कनेक्शन को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि 'भाजपाइयों' की है यही पहचान, झूठों को काम, झूठों को सलाम। आगे उन्होंने कहा कि ये आरोप बेहद गंभीर हैं कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आयोजित करवाने वाली गुजरात की कंपनी का ही, पेपर लीक करवाने में हाथ है और उसका मालिक जब सफलता पूर्वक विदेश भाग गया, उसके बाद ही उत्तर प्रदेश सरकार ने उसके बारे में जनता को बताया और जनता के गुस्से से बचने के लिए दिखाने भर के लिए उस कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया।

यूपी सरकार उस कंपनी और उसके मालिक के खिलाफ एफआईआर की कॉपी सार्वजनिक करे। गुजरात भेजकर उसकी संपत्ति से खामियाजा वसूलने की हिम्मत दिखाए। ऐसे आपराधिक लोग यूपी के 6० लाख युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के दोषी हैं। यूपी की भाजपा सरकार साबित करे कि वो इन अपराधियों के साथ है या प्रदेश की जनता के साथ।

यूपी में काम करनेवाली हर कंपनी के इतिहास और उसकी सत्यनिष्ठा-गुणवत्ता की जांच की जाए। आरोप लगाते हुए कहा कि जब बेईमान और कलंकित कंपनियों को काम दिया जाए तो जनता को समझ लेना चाहिए कि इसमें काम देने वाले यूपी सरकार के उस मंत्रालय और उसके विभाग के लोगों की भी हिस्सेदारी है मतलब 'ये भ्रष्टाचार की साझेदारी' है। इस परीक्षा के आयोजन से संबंधित कंपनी ही नहीं बल्कि हर एक संलिप्त मंत्री या अधिकारी की भी जांच हो और जब तक जांच पूरी न हो जाए, तब तक उसे उसके काम से मुक्त रखा जाए और संलिप्तता सिद्ध होने पर बर्खास्त करके कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। हम मांग करते हैं कि यूपी में काम कर रही या काम करने की इच्छुक हर बाहरी कंपनी की गहन जांच हो और सब कुछ सही पाये जाने पर ही काम दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर जब काम गलत होता है।

## सऊदी अरब में भीषण गर्मी से हज के दौरान 98 भारतीयों की मौत



**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में हज के दौरान भीषण गर्मी और प्राकृतिक कारणों से मरने वालों की संख्या 6०० से अधिक हो गई, जिसमें 98 भारतीय भी शामिल हैं। इस साल अब तक 1,75,००० भारतीय हज के लिए सऊदी अरब गए हैं। केंद्रीय विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। अबतक 1० देशों से 1,०81 जायरीनों (हज पर जाने वाले लोगों को जायरीन कहते हैं) की मौत हो चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा मिस्र के 658 जायरीन शामिल हैं। केंद्रीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने इस पर प्रतिक्रिया दी।

हज करने गए भारतीयों की मौत मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा, ष्इस साल हमारे पास 1,75,००० भारतीय हैं, जो पहले ही हज पर जा चुके हैं। हम अपने 98 नागरिकों को खो चुके हैं। उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है, जिसमें पुरानी बीमारी और बुढ़ापा भी शामिल है। अराफत के दिन छह भारतीयों की मौत हो गई और दुर्घटना के कारण चार भारतीयों की जान चली गई। पिछले साल हज के दौरान मरने वाले भारतीयों की संख्या 187 थी।

हज के दौरान जायरिनों को घंटों तक चलना पड़ता है और प्रार्थना करना पड़ता है। इस दौरान सऊदी में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल कम से कम पांच लाख लोगों की मौत होती है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यह आंकड़ा 3० गुना बढ़ भी सकता है।

हज के दौरान होने वाली मौतों को लेकर सऊदी अरब के राजनयिक पहले ही प्रतिक्रिया दे चुके हैं। उन्होंने कहा, ऐसा हर साल होता है। हम यह नहीं कह सकते कि इस साल ऐसा ज्यादा हुआ। यह कुछ पिछले साल जैसा है, लेकिन हमें मालूम है कि यह आने वाले दिनों में और होगा।

बता दें कि पिछले कई वर्षों से हज सऊदी अरब की भीषण गर्मियों के दौरान होता आया है। पिछले महीने प्रकाशित सऊदी के एक अध्ययन के अनुसार, जिस क्षेत्र में इबादत की जाती है, वहां का तापमान हर दशक ०.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है।

## रामनगरी अयोध्या और तीर्थराज प्रयाग में बनेगा अतिविशिष्ट राज्य अतिथि गृह

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या और तीर्थराज प्रयाग में राज्य सरकार अतिथि गृहों के निर्माण कराने जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों अतिथि गृहों के निर्माण स्थल, ले-आउट, सुविधाओं और साज-सज्जा आदि के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आवास पर राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राम जन्म भूमि मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, सहित देश-दुनिया से अनेक विशिष्ट-अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन हो रहा है। इनके प्रवास के लिए सुरक्षा व सुविधा के उत्कृष्ट मानकों के साथ गेस्ट हाउस की आवश्यकता है। इसी प्रकार प्रयागराज में अतिविशिष्ट जनों के बेहतर आतिथ्य के लिए एक सर्वसुविधायुक्त अतिथि गृह बनाया जाना आवश्यक है। इसके लिए प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाए।

अमर भास्कर
आवश्यकता है-
अमर भास्कर
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)
को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर
जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर
अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।
संपर्क करें:-
मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198
ऑफिस:-
निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601
www.amarbhashkar.com
Email- amarbhashkar21@gmail.com

# अन्तराष्ट्रीय योग दिवस का किया शुभारम्भ

**अलीगढ़।** योग भौतिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। इससे पूर्व दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ जनपद प्रभारी मंत्री,जनप्रतिनिधियों एवं प्रमुख सचिव कारागार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं रंगबिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया गया। प्रदेश गन्ना विकास एवं चीनी मिलें और जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में व्यक्त किए।



मंत्री स्टेडियम में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि योग से शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही इंद्रियों पर भी नियंत्रण संभव है। बीच में यह विधा विलुप्त हो चुकी थी।

सांसद सतीश कुमार गौतम ने योग दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विश्व में योग फैलाकर सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। शासन द्वारा नोडल अधिकारी के तौर पर जिले में पधारे प्रमुख सचिव कारागार श्री राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी को अपनी नियमित दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए।

जिलाधिकारी विशाख जी० ने कहा कि योग साधना अब योग केंद्र ही नहीं बल्कि घर-घर पहुंच चुकी है और इससे लोग लाभान्वित भी हो रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस भव्य कार्यक्रम से लोग अवश्य ही प्रेरित होंगे। पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज अलीगढ़ शलभ माथुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा 1०वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में पुलिस कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया गया एव योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया गया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है, स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है, तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पलास बंसल, पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश चन्द उत्तम, सपुअ महक आईपीएस समस्त क्षेत्राधिकारी व अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 1० वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून के नेतृत्व में छात्रों, शिक्षकों आदि शारीरिक शिक्षा विभाग के लॉन में विभिन्न योगासन किए।

## परीक्षा में धांधली को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**लखनऊ।** नीट परीक्षा में हुई धांधली और यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द करने के लिए जिम्मेदार प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश मुख्यालय से विधान सभा घेराव के लिए निकले। हालांकि थोड़ा ही आगे चलने पर बैरिकेडिंग कर पुलिस ने सभी को रोक लिया। यहां कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। इसी बीच अजय राय समेत पार्टी नेता बैरिकेडिंग लांघकर आगे बढ़ने लगे। पुलिस ने बलपूर्वक उनको रोका और यहां भी काफी धक्का मुक्की हुई। इसके बाद पुलिस जबरदस्ती प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डेन ले गई। इस दौरान कार्यकर्ता छात्रों के हित में परीक्षा रद्द करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

# मृत श्रद्धालुओं के स्वजन व घायलों को प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण ने वितरण किए चैक

**अलीगढ़।** शुक्रवार को प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल और जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा सांसद अनूप वाल्मीकि, विधायक इगलास राजकुमार सहयोगी, विधायक कोल अनिल पाराशर, विधायक छर्रा ठा.रवेन्द्र पाल सिंह, एमएलसी ऋषिपाल सिंह व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार उर्फ लाला की उपस्थिति में इगलास क्षेत्र के गांव नाया में जम्मू कश्मीर के शिवखोड़ी धाम में पिछले दिनों हुई बस दुर्घटना में मृत 12 श्रद्धालुओं के स्वजन व 35 घायलों को उत्तर प्रदेश सरकार व जम्मू कश्मीर सरकार की ओर से जारी आर्थिक सहायता राशि सहायता के चौक वितरित किये गए।




उन्होंने बताया कि मृतक श्रद्धालुओं के परिजनों को जम्मू कश्मीर सरकार द्वारा ०5 लाख एवं प्रदेश सरकार द्वारा ०2 लाख इस प्रकार ०7-०7 लाख एवं घायलों को उनकी स्थिति के अनुसार जम्मू सरकार की ओर से 1०-5० हजार और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सभी घायलों को 5०-5० हजार रुपए प्रदान किये गए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार कुल ०1 करोड़ 12 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। मृतक लक्ष्मण प्रसाद, रुद्र, अनामिका, सीमा, सबरजीत सिंह, सोनू, संजय सिंह, तनुज, सुरेश सिंह, सुनीता, सुनीता के परिजनों एवं घायल जयवीर, कृष्णा, रतन सिंह, सुनीता, अन्जू, काजल, संजय, उर्वेश, संजय, सरिता देवी, देवू, राधा, रिंकू, मुन्नी देवी, भगवान सिंह, कमलेश, गौरव, सुमन, विकास कुमार, शांति देवी, गीता, शशि पाल, बालकिशन, विमलेश, शंकर सिंह, अनुप्रिया, तवि चौधरी, अनुष्का, तनिष्का, जान्हवी, सुमन, गौमती, लक्ष राज का सहायता राशि के चौक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं प्रभारी अधिकारी आपदा मीनू राणा, एसडीएम इगलास शाश्वत त्रिपुरारी, एसडीएम खैर महिमा राजपूत, तहसीलदार उदयवीर सिंह के साथ ही अधीनस्थ राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व संग्रह अमीन के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति चुनाव को लेकर जुटी काफी धनराशि

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के साथ मिलकर पुनर्निर्वाचन अभियान के तहत पैसे जुटाने में लगे हुए हैं। दोनों नेताओं ने एक साथ मिलकर मंगलवार को 8 मिलियन डॉलर जुटाए। वहीं पिछले 5 दिनों में बाइडन ने कुल 4० मिलियन डॉलर की धनराशि जुटाई है. बाइडन पुनर्निर्वाचन अभियान के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति बाइडन 4० मिलियन अमरिकी डॉलर की बड़ी धनराशि जुटाने में सफल रहे हैं।



शनिवार को लॉस एंजिल्स में उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बरामक ओबामा के साथ मिलकर 3० मिलियन अमरिकी डॉलर का फंड इकट्ठा किया था। वहीं जिल बाइडन खुद भी फंड जुटाने में लगी हुई हैं और उन्हें 1.5 मिलियन डॉलर प्राप्त हुए हैं। बिडेन और क्लिंटन ने न्यूयॉर्क में रेडियो सिटी म्यूजिक हॉल में मार्च के फंडरेजर में ओबामा के साथ दिखाई दिए। जो कि मंगलवार के कार्यक्रम की सुर्खियां बना रहा। यह कार्यक्रम वर्जीनिया के पूर्व गवर्नर टेरी मैकऑलिफ के घर पर आयोजित किया जा रहा है, जो कि लंबे समय से क्लिंटन के सलाहकार हैं।

इसके अलावा जिल बिडेन और पूर्व प्रथम महिला हिलेरी क्लिंटन भी वाशिंगटन डी.सी. के एक उपनगर मैकलीन, वाशिंगटन में धन संचय कार्यक्रम में शामिल होंगी। पिछले सप्ताह के अंत में लॉस एंजिल्स में धन इकट्ठा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाइडन और ओबामा के अलावा अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और जूलिया रॉबर्ट्स भी शामिल थे। यह डेमोक्रेटिक पार्टी के इतिहास में धन संचय करने वाला सबसे बड़ा कार्यक्रम था। बाइडन ने पुनर्निर्वाचन के लिए पैसे इकट्ठा करने का अभियान तेज कर दिया है। इसका सबसे बड़ा कारण उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप हैं।

जिन्होंने चुनाव के लिए काफी पैसा इकट्ठा कर लिए हैं। ट्रंप ने अप्रैल में अरबपति निवेशक जॉन पॉलसन के फ्लोरिडा स्थित घर पर एक सभा में 5०.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए थे।बिडेन ने अपने धन उगाही की गति तेज कर दी है क्योंकि उनके संभावित रिपब्लिकन चौलेंजर, डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि वह पैसे के खेल में बढ़त हासिल कर रहे हैं। पॉलसन के फ्लोरिडा स्थित घर पर प्रमुख दानदाताओं की एक सभा में 5०.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए।

## ट्रक की टक्कर से महिला की हुई मौत

**बदायूं।** जिले के उसावां थाना क्षेत्र में गांव सौंधामई के नजदीक शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार 25 वर्षीय महिला शाहीन की मौत हो गई, जबकि उसका पति और परिवार की एक महिला घायल हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे बाद पुलिस को शव उठाने दिया। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव भसराला निवासी शाहीन शुक्रवार दोपहर अपने पति वसीम के साथ बाइक पर अपनी चचेरी बहन की शादी में कलान थाना क्षेत्र के गांव पटना देवकली जा रही थी। बाइक पर परिवार की महिला चांदनी भी बैठी थी। उस दौरान वसीम हेलमेट नहीं लगाए था। उसकी बाइक उसावां थाना क्षेत्र में सौंधामई गांव के नजदीक पहुंची थी। तभी फर्रुखाबाद की ओर से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

# काशी विद्यापीठ में रोपवे का 75 प्रतिशत काम पूरा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**वाराणसी।** रोपवे निर्माण के लिए स्विट्जरलैंड के इंजीनियरों की देखरेख में काशी विद्यापीठ स्टेशन के सभी उपकरण लगा दिए गए हैं। यहां 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के अनुसार काशी विद्यापीठ में टावर इंस्टालेशन के बाद सभी उपकरण लगा दिए गए हैं।वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक दो टावर इंस्टॉल हो चुके है।




रथयात्रा पर करीब 65 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 16 टावर पर तेजी से काम चल रहा है। गिरिजाघर पर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। पिछले दिनों यहां से अतिक्रमण हटवाए गए थे। रोपवे का ट्रायल रन सितंबर से होगा। इसके बाद 15 नवंबर देव दीपावली पर पहले चरण में कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक रोपवे शुरू होगा। बोलिविया देश के लापाज, मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे चालू करने की तैयारी चल रही है।

रोपवे के निर्माण के लिए स्विट्जरलैंड से आए उपकरणों को इंस्टाल किया जा रहा है। 8०7 करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी में रोपवे का निर्माण हो रहा है। यह काम स्विट्जरलैंड आधारित कंपनी बर्थोलेट कर रही है। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल में यात्रियों को ट्राली उपलब्ध रहेगी। एक दिशा में एक घंटे में 3००० लोग यात्रा कर सकेंगे यानी दोनों दिशाओं में एक घंटे में छह हजार यात्रियों का आवागमन होगा। गोदौलिया से कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने में लगभग 16 मिनट लगेगा। 45 से 5० मीटर की अनुमानित ऊंचाई से करीब 15० ट्रॉली कार चलेंगी।

## वैगनआर के शीशे बंद करने के बाद फटी बैटरी

**अलीगढ़।** जिले के सासनी गेट थाना अंतर्गत न्यू आरके पुरम में सड़क किनारे खड़ी हुई वैगनआर में अचानक भीषण आग लग गई। जिससे गाड़ी जलकर राख हो गई। गाड़ी में आग लगने का कारण बैटरी का फटना बताया जा रहा है। वैगनआर के स्वामी प्रेम किशोर भारद्वाज ने बताया कि 21 जून की सुबह काम से गाड़ी को लेकर रामघाट रोड गया था। वहां से लौटकर आने पर गाड़ी के सभी शीशे बंद किए और गाड़ी का लॉक कर घर आया। 12 बजे के लगभग गाड़ी बैटरी अचानक तेज आवाज के साथ फट गई। जिससे गाड़ी के अगले हिस्से में आग लगना शुरू हो गई। बड़ी तेजी से आग ने पूरी गाड़ी को अपने चपेट में ले लिया। बैटरी फटने की आवाज और गाड़ी में आग लगने पर गली के सभी लोग आग को बुझाने का प्रयास करने लगी।

# विपक्षी नेता पीड़ित परिवार के साथ डीएम से मिले

**अलीगढ़।** मामू भान्जा में गैर समुदाय के युवक मो.फरीद उर्फ औरंगजेब के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार के लोग शुक्रवार को डीएम से मिले। मृतक की मां और बहन के साथ विपक्ष के नेता भी कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विपक्षियों ने डीएम से कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, इसके साथ ही इन सभी के मकानों पर बुलडोजर भी चलाया जाए।



जिससे भविष्य में कभी कोई इस तरह की बर्बरता करने की हिम्मत न कर सके। जिसके बाद उन्हें आश्वासन दिया गया है कि मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को बक्शा नहीं जाएगा। औरंगजेब के लिए न्याय की मांग को लेकर जहां एक ओर पीड़ित की मां जुबेदा और बहनें कलेक्ट्रेट पहुंची। उनके साथ विपक्ष के तमाम नेता भी कलेक्ट्रेट पहुंचे।

इस दौरान पूर्व सांसद चौ. बिजेंद्र सिंह, कांग्रेस के पूर्व विधायक विवेक बंसल, सपा नेता अज्जू इश्हाक, बसपा नेता सलमान शाहिद समेत बड़ी संख्या में विपक्षी मौजूद रहे। उनका कहना था कि औरंगजेब के साथ मारपीट का जो वीडियो सामने आया है, उसमें स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उसे बुरी तरह से पीटा गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई है।

इसके बाद भी पुलिस प्रशासन आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने में पीछे हट रहा है। तत्काल आरोपियों के ऊपर छै। लगा देनी चाहिए। जिससे भविष्य में दुबारा ऐसी घटना न हो। पीड़ित के परिवार के साथ मौजूद विपक्ष के नेताओं ने मांग की है कि औरंगजेब के परिवार को मुआवजा दिया जाना चाहिए। पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि वह अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला था और उसकी मां और परिवार के अन्य लोग उसके ऊपर ही आश्रित थे।

वहीं पूर्व सांसद चौ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को मुआवजे के साथ ही उन्हें पेंशन और सरकारी सुविधा भी दी जाए। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए। जिसके बाद उन्हें आश्वासन दिया गया है कि जल्दी ही इस मामले में पीड़ितों को राहत दी जाएगी।

## चार शातिर लुटेरों से किए लूट के रुपए बरामद

**अलीगढ़।** थाना गंगीरी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त नाजिम पुत्र पप्पू निवासी संजयनगर थाना छर्रा, अलीगढ़, दीपक पुत्र सुभाष निवासी इस्माइलपुर थाना छर्रा जनपद अलीगढ़, संजीव पुत्र कोमल निवासी सफीपुर थाना छर्रा अलीगढ़ और ओमप्रकाश पुत्र जवाहर निवासी हिदरामई थाना गंगीरी अलीगढ़ को चोरी की मोटर साइकिल स्प्लैण्डर प्लस व एक टैम्पो नं० यूपी 81 डीटी 8198 रंग हरा व पीला व 124००० रुपये नकद व एक पिट्ठू बैग , पैनकार्ड, आधार कार्ड अन्य प्रपत्र, एक तमन्चा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गालिबपुर वम्बा पुलिया से मझौला जाने वाली पटरी पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस इनको काफी दिनों से तलाश कर रही थी।

# थाने में डिस्को करने वाले युवक पुलिस हिरासत में

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के दादों थाना परिसर में डीजे पर डांस करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान लेते हुए गाड़ी को जब्त कर चालक और एक युवक को पकड़ कर कार्रवाई की है। अन्य की तलाश में पुलिस लगी हुई है। दादों थाना परिसर में 18 जून को भारतीय किसान यूनियन अधिकार का कुछ मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन था।



धरना प्रदर्शन के दौरान एक युवक थाना परिसर में लगे डीजे पर डांस कर रहा था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई।

पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जो थाने में डांस करते हुए लड़के दिखाई दे रहे थे उसके सम्बन्ध में 18 जून को यूनियन में गाड़ी नंबर यूपी 24 टी ०665 में डीजे लगा था। इस वाहन को जब्त किया गया है। गाड़ी चालक शीलेन्द्र कुमार पुत्र प्रकाश निवासी माहरी नगला कसेर थाना दादों जनपद अलीगढ़ व डीजे पर डांस करने वाला युवक स्वदेश पुत्र तहसीलदार निवासी नगला रम थाना दादो अलीगढ़ के विरुद्ध 21 जून को धारा 151 सीआरपीसी में चालान किया है। अन्य के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। दादों थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मलिक ने बताया कि डांस करने वालों में से एक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं वाहन में लगे डीजे को जब्त करने की कार्रवाई की गई। चालक को भी शांति भंग में जेल भेजा गया है।

# थाने में 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार, एंटी करप्शन की कार्रवाई से मची खलबली

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बदायूं।** जिले में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एंटी करप्शन टीम ने कादरचौक थाने में 2० हजार रुपये की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। कादरबाड़ी के एक व्यक्ति के खिलाफ उसकी समधन ने छेड़खानी के आरोप में तहरीर दी थी।



रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी, लेकिन हेड कांस्टेबल मामला खत्म करने के नाम पर 5० हजार रुपये मांग रहा था। जब हेड कांस्टेबल ने ज्यादा दबाव बनाया तो कादरबाड़ी निवासी व्यक्ति 2० हजार रुपये देने को तैयार हो गया। उसने एंटी करप्शन ब्यूरो में पूरे मामले की शिकायत कर दी। एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार दोपहर कादरचौक थाने के बाहर आकर जाल फैला दिया।

जैसे ही रुपये देने वाला व्यक्ति कादरचौक थाने पहुंचा और उसने आंगतुक कक्ष में हेड कांस्टेबल प्रवेंद्र को 2० हजार रुपये दिए, उसी वक्त एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। उसे उझानी थाने ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि उस दौरान एसओ उदयवीर सिंह अपने आवास पर खाना खाने गए थे। एंटी करप्शन टीम हेड कांस्टेबल और सह आरोपी एसआई महेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आरोप है कि जब प्रवेंद्र कुमार कादरबाड़ी में तहरीर की जांच करने के लिए गया था, तब उसके साथ दरोगा महेश कुमार भी था और दोनों ने मिलकर 5० हजार रुपये मांगे थे। इसलिए दोनों को आरोपी बनाया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की एफआईआर में मुख्य आरोपी हेड कांस्टेबल है, जबकि दरोगा सह आरोपी हैं।

## परीक्षा कराने वाली कंपनी की सिक्योरिटी जब्त

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद जांच के दायरे में आई अहमदाबाद की एजूटेस्ट कंपनी की सिक्योरिटी मनी को जब्त कर लिया गया है। वहीं, परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से उसे अनुबंध के नियमों के मुताबिक कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इस संबंध में शासन को जानकारी भेज दी है।

बता दें कि सिपाही नागरिक पुलिस के 6०,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए परीक्षा कराने का कार्य एजूटेस्ट कंपनी को सौंपा गया था। दरअसल, टीसीएस द्वारा भर्ती परीक्षा कराने से इन्कार करने के बाद भर्ती बोर्ड ने कई कंपनियों से आवेदन मांगे थे।

# करंट से झुलसी महिला ने तोड़ा दम

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अकबराबाद।** थाना क्षेत्र के गांव जुझारपुर में 16 जून दोपहर कुछ घरों में अचानक एचटी लाइन का करंट दौड़ गया था। करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी और एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई थी। परिजनों ने झुलसी महिला को उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जहां 19 जून देर शाम महिला की मौत हो गई है।



महिला के परिजनों ने विद्युत विभाग के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव जुझारपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र राजवीर सिंह ने बृहस्पतिवार की सुबह अकराबाद थाने पहुंच कर पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीते रविवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे उसके चचेरे भाई रामसेवक की पत्नी सीमा यादव अपने जेठ राकेश के घर पर मोबाइल चार्ज करने गई थी। जहां वह बिजली के बोर्ड में लगे चार्जर में मोबाइल लगा ही रही थी कि तभी अचानक घरेलू लाइन में एचटी लाइन का करंट दौड़ गया। जिसकी चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलस गई थी। करंट की चपेट में आने से पड़ोस के ही सुरेश कुमार पुत्र रामप्रसाद की मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजन सीमा को उपचार के लिए एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत ज्यादा बिगड़ने पर उसे यहां से रेफर कर दिया गया।

सीमा को दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। जहां बुधवार देर शाम 22 वर्षीय सीमा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। इसलिए कार्रवाई होनी चाहिए। घटना के संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी दुलीचंद यादव ने बताया है कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जनपद में दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ भव्य आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शुक्रवार को जनपद मुख्यालय, तहसील व ब्लॉकों में किया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग रंजन कुमार सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। राज्यमंत्री ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है व मन प्रसन्न रहता है। 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' इस वर्ष की थीम रही।



उत्तर प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री केपी मलिक ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिला है और आज हम दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं यह भारतवासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का आभार व्यक्त किया कि उनके प्रयासों से योग को पर्व के रूप में मनाने का अवसर हम भारतवासियों को मिला।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा दिया। उन्होंने कहा कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा भावी पीढ़ी को भी योग के महत्व को समझाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी की सरकार आमजन के हितार्थ अनेकों कार्य कर रही है व योजनाएं संचालित कर रही है जिसका सीधा लाभ पात्रों को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की दो मां होती है एक मां वह है जो जन्म देने व पालने का काम करती है और दूसरी मां धरती मां है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करना चाहिए तथा पर्यावरण संरक्षण व संतुलन में अपनी अहम भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने का आवाहन भी किया।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि जो योग करता है वह निरोग रहता है। उन्होंने कहा कि योग एक चिकित्सा व विज्ञान है। उन्होंने कहा कि योग करने से शरीर में स्फूर्ति आती है। उन्होंने कहा कि अच्छा सोचो अच्छा होगा, आज नहीं तो कल होगा।

नोडल अधिकारी व सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग उत्तर प्रदेश शासन रंजन कुमार ने कहा कि प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की अच्छी तैयारी की है इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि योग मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए व उसे अपने जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। योग करने से अनेकों रोगों से बचा जा सकता है।

योग प्रशिक्षक दातागंज सोनू पटेल, योग प्रशिक्षक नगर गुंजन, योग प्रशिक्षक होम्योपैथी दीक्षा व योग सहायक नगर करुणा सक्सेना ने सभी को ग्रीवा चालन, स्कंद चक्र, कटि चालन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, अर्ध चक्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन, सेतुबंध आसन, पवनमुक्त आसन, शवासन, कपालभाती, नाडी शोधन प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान, ओम का दीर्घ उच्चारण, शांति पाठ, हास्यासान व संकल्प आदि योग क्रियाएं करवाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनोज कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ राघवेंद्र मोहन सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**वजीरगंज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या वजीरगंज में दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय स्टॉफव छात्र छात्राओ ने किया योग। सर्व प्रथम विद्यालय की साफ-सफाई कराते हुए बच्चों को योग के लाभ बताए गए। उसके बाद योग करना सिखाया गया और करवाया गया। बच्चों ने बहुत जोश के साथ योग सीखा। विद्यालय का समस्त स्टाफ रेशू रानी सक्सेना, प्रभा रानी सक्सेना, प्रतिभा चौहान, प्रतिभा शंखधार, नीरज वर्मा, निधि राठौर उपस्थित रहे। अंत में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सपना वार्ष्णेय ने बच्चों को केले वितरित कर समारोह का समापन किया

### किसान दिवस में हुआ कृषको की समस्याओं का समाधान

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन बदायूँ सभाकक्ष में किया गया, जिसमें जनपद के दूर-दराज से आये कृषकों द्वारा सहभागिता की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों की शिकायतों पर तत्काल समाधान हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। किसान दिवस में कृषकों द्वारा कृषि ऋण, विद्युत, गन्ना भुगतान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, नलकूप एवं छुटटा पशुओं के सम्बन्ध में शिकायतें प्रस्तुत की गई। सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कृषको की कई समस्याओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी सतीश चन्द्र, सहायक अभियन्ता नलकूप खण्ड सोहन देव, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड संजीव कटारिया, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ० अब्दुल रहीम, एल०डी०एम० डॉ० राकेश रंजन तथा कृषक उपस्थित रहे।

### बिसौली में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बिसौली।** नगर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस पर नगर के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार समेत तमाम अफसरों ने योग किया। उप जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल ने कहा की योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। नियमित योग से मन शांत, दिमाग स्थिर और कई रोगों से शरीर का बचाव होता है। चेयरमैन अबरार अहमद ने कहा स्वस्थ शरीर के लिए योग अत्यंत उपयोगी है। निरंतर योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, एन. टी. सृजन यादव, स्टैनो जहीर आलम, डॉ. अनिल, भारती अग्रवाल, रितु अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, अर्चना वार्ष्णेय, कृष्ण गुप्ता, संगीता रस्तोगी, मधु शर्मा, अंशु गुप्ता, अर्दली हरविलास, लेखपाल संदीप कुमार, कुलदीप पाराशरी, सुंदरलाल, बंटी, कांस्टेबल योगेंद्र कुमार, वीर सिंह, बंटी आदि मौजूद रहे।

### प्रमोद इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया योग शिविर

**सहसवान।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविर में योग की क्रियाओं के माध्यम से शरीर को स्वस्थ और फुर्तीला बनाने का अभ्यास कराया। नगर के प्रमोद इंटर कॉलेज में आयोजित योग शिविर में नगर पालिका और ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। योग शिविर का संचालन करते हुए सविता मालपानी ने योग की विभिन्न मुद्राओं और आसन प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया।कॉलेज के प्रधानाचार्य रामसहाय बिंद,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, ए आर पी राजन यादव सहित तहसील प्रशासन,ब्लॉक कार्यालय,शिक्षा विभाग,स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने योग शिविर में प्रतिभाग किया।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, पति समेत दो घायल, गुस्साए लोगों ने सड़क पर लगाया जाम

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उसावां।** थाना क्षेत्र में गांव सौंधामई के नजदीक शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार 25 वर्षीय महिला शाहीन की मौत हो गई, जबकि उसका पति और परिवार की एक महिला घायल हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे बाद पुलिस को शव उठाने दिया।



अलापुर थाना क्षेत्र के गांव भसराला निवासी शाहीन शुक्रवार दोपहर अपने पति वसीम के साथ बाइक पर अपनी चचेरी बहन की शादी में कलान थाना क्षेत्र के गांव पटना देवकली जा रही थी। बाइक पर परिवार की महिला चांदनी भी बैठी थी। उस दौरान वसीम हेलमेट नहीं लगाए था। उसकी बाइक उसावां थाना क्षेत्र में सौंधामई गांव के नजदीक पहुंची थी। तभी फर्रुखाबाद की ओर से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

बाइक ट्रक में फंस गई। इस हादसे में शाहीन की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पति और चांदनी घायल हो गई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेज दिया, वहीं परिवार वालों ने महिला का शव नहीं उठने दिया। उन्होंने जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक घटनास्थल पर जाम लगा रहा। उसके बाद कहीं पुलिस जाम खुलवाने में कामयाब हो सकी।

## वजीरगंज में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर का समापन

**वजीरगंज।** भारत विकास परिषद श्री मंगला माता शाखा वजीरगंज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नि:शुल्क योग शिविर दिनांक 19 जून से 21 जून तक ंअे पब्लिक स्कूल निकट रोडवेज वजीरगंज पर लगवाया गया। जिसमें परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा एवं दायित्वधारी सहित नगर के काफी लोगों ने प्रतिभाग किया। योग शिक्षक हरिओम वर्मा एवं योग शिक्षिका सुमन वर्मा जी द्वारा योग की तरह-तरह की गतिविधियां एवं कई महत्वपूर्ण आसनों द्वारा शरीर को निरोग रखने के उपाय बताए गए। एवं जल नेती द्वारा मस्तिष्क एवं कान नाक गला रोग को बहुत विशेष रूप में समझाया। इस मौके पर बाहर से आए हमारे योग शिक्षक एवं योग शिक्षका तथा अतिथि मेहमान को भारत विकास परिषद श्री मंगला माता शाखा द्वारा एक स्मृति चिन्ह एवं बैग किट देकर सम्मानित किया गया। योग शिक्षक द्वारा नगर के प्रतिभागी लोगों से अनुरोध किया गया की योग को अपनी जीवन शैली में प्रतिदिन अपनाना चाहिए जिससे जिससे हमें अनेक बीमारियों से स्वस्थ रहने का लाभ प्राप्त हो सके। यह एक बहुत ही सरल और अच्छी कल है जिसका अभ्यास हमें अपने बच्चों तथा परिवार के समस्त मित्रों सहित करना चाहिए विशेष सहयोग के रूप में गुरुदेव शर्मा ने भी योग की क्रियाविधि पर विस्तार से वर्णन किया गया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष नेमपाल सिंह, शाखा संरक्षक सुग्रीव वार्ष्णेय, शाखा सचिव गुरुदेव शर्मा, प्रांतीय संयोजक अरुण शेखर, महिला संयोजक कु .हेमलता शर्मा, मीडिया प्रभारी राम किशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र वार्ष्णेय ,समाजसेवी दीपेश वार्ष्णेय, ज्ञानदीप वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, नरेंद्र कुमार वार्ष्णेय, डॉ दिलीप वार्ष्णेय आदि लोग मौजूद रहे।

# योग करने से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहता: सिंह

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जे एस (पी.जी) कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें योगाचार्य प्रेम सिंह व राजकीय महाविद्यालय बदायूं के डॉक्टर हुकुम सिंह ने योग के महत्व के बारे में बताया तथा योग करने का सही तरीका सिखाया। उन्होंने बताया कि योग करने से मनुष्य मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। कॉलेज डायरेक्टर विकास यादव ने बताया कि योग करने से शरीर की हर कोशिका स्वस्थ रहती है जिससे जीवन में सार्थक परिवर्तन होते हैं। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य राहुल कुमार, मखलूस अली खान, छबीराम सिंह, अरविंद कुमार, उत्पल मिश्रा, ललित सिंह, साक्षी गुप्ता, सुनील कुमार भास्कर, सुधीर यादव, प्रेमपाल शर्मा, डा० निधि रस्तोगी, बेबी तरुन्नुम, वीरेंद्र यादव तथा छात्र-छात्राओं ने योग शिवर में भाग लिया।



# न्यायालय परिसर व कारागार में हुआ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में एवं प्रभारी जनपद न्यायाधीश/प्रभारी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ द्वारा 21 जून शुक्रवार को जनपद बदायूँ के दीवानी न्यायालय परिसर में समय पूर्वान्ह ०7 से ०8 बजे तक 1०वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रभारी जनपद न्यायाधीश/प्रभारी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ की अध्यक्षता में किया गया। इसके अतिरिक्त जिला कारागार में भी 1०वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद के दीवानी न्यायालय परिसर में सुयश प्रकाश श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी (पीए) एक्ट, बदायूँ, रेखा शर्मा, विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम), बदायूँ, पूनम सिंघल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-9, बदायूँ, निधि, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-7, बदायूँ, योगेश कुमार तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-5, बदायूँ, मेवाराम, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय संख्या-द्वितीय, बदायूँ, एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण व समस्त पराविधिक स्वयंसेवकगण उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला कारागार बदायूँ में शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, विनय कुमार, जेल अधीक्षक बदायूं, कुंवर रणंजय सिंह, जेलर, कमल चन्द, उपकारापाल, मो० खालिद, उपकारापाल, रेनू वैदिक, उपकारापाल, गोपाल सिंह, फार्मासिस्ट एवं सन्तोष कुमार सक्सेना, नामिका अधिवक्ता, बदायूं, सुरेन्द्र पाल शर्मा, नामिका अधिवक्ता, बदायूं, सत्यवीर सिंह, डिप्टी चीफ एलएडीसी, बदायू राकेश यादव, असिस्टेंट एलएडीसी बदायूँ, कशिश सक्सेना, असिस्टेंट, एलएडीसी., बदायूँ एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण उपस्थित रहे।

# गंगा स्वच्छता पर अच्छा कार्य करने वाले 5० युवाओं को किया सम्मानित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला गंगा समिति के द्वारा दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन गंगा के पावन तट पर हुआ जिसकी थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉक्टर संघमित्रा मौर्य जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष डीसीबी उमेश राठौर, गंगा समग्र जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष जगदीश लोनिया चौहान, ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल सिंह शाक्य आदि ने गंगा मैया के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



योग प्रशिक्षक उमेंद्र कु. शशि वर्मा, धानी चौहान, पतंजलि योगपीठ तहसील प्रभारी ने अपनी टीम के साथ योग शिविर में आए अतिथियों का गंगा दूतों, छात्रों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को योग की विभिन्न मुद्राओं से परिचय कराकर अभ्यास कराया। साथी योग के विभिन्न फायदे के बारे में भी अवगत कराया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर संघमित्रा मौर्य ने जलवायु परिवर्तन और बदलते परिवेश में योग के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि जिस तरह से जलवायु परिवर्तित हो रही है हमें भविष्य में स्वस्थ रहने के लिए एक हाथ में जल और एक हाथ में ऑक्सीजन का सिलेंडर लेकर जीवन जीना पड़ेगा अभी भी समय है अधिक से अधिक वृक्षारोपण और योग के माध्यम से हम अपने आप को स्वस्थ बनाएं।

साथ ही धरती के स्वास्थ्य की भी चिंता करें । जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार ने छात्रों से दैनिक योग के अभ्यास के लिए प्रेरित किया। पूर्व अध्यक्ष डीसीबी उमेश राठौर निरोगी काया के के लिए योग के महत्व को स्वीकार किया साथ ही कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है आज हर व्यक्ति योग के महत्व को समझ रहा है , अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दशम संस्करण में 192 से ज्यादा देशों में आज योग दिवस मनाया गया।

डॉ संघमित्रा मौर्या जी के द्वारा उपस्थित छात्र और छात्रओ को गंगा की शपथ दिलाई । शपथ दिलाते हुए गंगा को स्वच्छ रखने एवं अविरल व निर्मल बनाए रखने हेतु गंगा में गंदगी ना डालने वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया।

# नीट की परीक्षा में कदाचार और अनुचित साधनों का इस्तेमाल किया गया: ओमकार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देशन पर एव प्रदेश कांग्रेस के अव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद असरार अहमद के सयुक्त नेतृत्व में नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौपा इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव जितेंद्र कश्यप रहे ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि 2०24 के संचालन और परिणामों से जुड़ी कई शिकायतों और चिंताओं को दूर करने की तत्काल आवश्यकता है। जैसा कि आप जानते हैं, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 4 जून 2०24 को परिणाम जारी किए। कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंक के बाद अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों से परिणाम प्रभावित हुए हैं। बढ़े हुए अंक और अनियमितताओं को लेकर काफी चिंताएँ हैं, और कार्यप्रणाली का खुलासा किए बिना ग्रेस मार्क्स देने से और भी संदेह पैदा होते हैं। परीक्षा में कुछ परीक्षा केंद्रों में तकनीकी गड़बड़ियाँ, कदाचार और अनुचित साधनों का इस्तेमाल किया गया है। बिहार, गुजरात और हरियाणा में की गई गिरफ्तारियों से संगठित भ्रष्टाचार स्पष्ट है, जो भाजपा शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न को उजागर करता है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप, पूर्व एआईसीसी सदस्य जिलाउपाध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन आरोपों की गंभीरता को उजागर किया है, लापरवाही के लिए शून्य सहिष्णुता की मांग की है। इस तरह की अनियमितताएं परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता को कम करती हैं और अनगिनत समर्पित छात्रों के भविष्य को खतरे में डालती हैं। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लागू करके युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का वादा किया था।



## संपादकीय

# नीति में बदलाव की जरूरत



सरकार के नए कार्यकाल का आरंभ यह अवसर प्रदान करता है कि नीतिगत मसलों पर दोबारा नजर डाली जाए और लंबी अवधि के दौरान टिकाऊ वृद्धि हासिल करने के लिए जरूरी हस्तक्षेप किए जाएं। ऐसा ही एक क्षेत्र है व्यापार। यह बात अच्छी तरह स्थापित है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार समेकित मांग को गति प्रदान करता है और कोई भी देश बिना निर्यात में महत्त्वपूर्ण इजाफा किए तेज वृद्धि हासिल नहीं कर सकता।

निर्यात में इजाफा विदेशी बचत पर भारत की निर्भरता कम कर देगा और बढ़ती श्रम शक्ति के लिए रोजगार तैयार करेगा। इससे घरेलू मांग को गति प्रदान करने में मदद मिलेगी और गुणक प्रभाव उत्पन्न होगा। अगर तुलना की जाए तो भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

बहरहाल वैश्विक वस्तु निर्यात में उसकी हिस्सेदारी की बात करें तो विश्व व्यापार संगठन के आंकड़ों के अनुसार 2023 में यह केवल 1.8 फीसदी थी। अमेरिका और चीन के आंकड़ों से तुलना करें तो वहां यह क्रमशरू 8.5 और 14.2 फीसदी थी। भारत का लक्ष्य यह होना चाहिए कि वह वैश्विक वस्तु निर्यात में अपनी हिस्सेदारी में इजाफा करे। वर्ष 2023-24 में भारत के वस्तु निर्यात में 3.09 फीसदी की ऋणात्मक वृद्धि दर्ज हुई। भारत को निरंतर उच्च निर्यात वृद्धि हासिल करने के लिए अपनी व्यापार नीति की व्यापक समीक्षा करनी होगी। भारत में टैरिफ ऊंचा है जो घरेलू विनिर्माताओं खासकर सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों की निर्यात प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करता है। इसके अलावा भारत किसी बड़े क्षेत्रीय या प्राथमिकता वाले व्यापार समझौते से भी नहीं जुड़ा है। अगर उसका ऐसा कोई जुड़ाव होता तो कच्चे माल की लागत में कमी आती और भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनने में मदद मिलती। भारत ने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी से भी बाहर रहने का निर्णय लिया। यह एक अहम व्यापार समझौता है जो दुनिया के सर्वाधिक गतिशील क्षेत्रों में से एक में हो रहा है। भारत इससे शायद इसलिए बाहर रहा क्योंकि उसे इसमें चीन का दबदबा होने की आशंका है। बहरहाल, इससे चीन के आयात पर हमारी निर्भरता में कोई कमी नहीं आई। हालांकि भारत ने कई देशों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं लेकिन शायद यह वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जुड़ने में सहायक नहीं है। भारत को जलवायु को लेकर बढ़ती चिंताओं के हिसाब से भी तैयारी कर लेनी चाहिए। यूरोपियन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म जैसे उपाय भारतीय निर्यात को काफी हद तक प्रतिबंधित कर सकते हैं। सेवा क्षेत्र की बात करें तो भारत ने बीते वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसे इसकी गति को बरकरार रखने की जरूरत है।

भारत सेवा क्षेत्र में दुनिया का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक है और उसने वैश्विक अनिश्चितता के बीच भी काफी मजबूती दिखाई है। वास्तव में देश का सेवा क्षेत्र केवल आउटसोर्सिंग से आगे बढ़कर विकास और शोध के क्षेत्र में भी आगे बढ़ा है। जैसा कि रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों के हालिया शोध से पता चला है, 2015-16 की तुलना में 2022-23 में देश में वैश्विक क्षमता केंद्र करीब 60 फीसदी बढ़े। यह बताता है कि देश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की रुचि बढ़ी है। हालांकि इस मजबूती के बावजूद सेवा निर्यात ने 2023-23 में 4.9 फीसदी के साथ तीन वर्षों की सबसे कम वृद्धि दर्ज की। इसका अध्ययन करना आवश्यक है। सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए भारत को मानव संसाधन में निवेश करना होगा। चूंकि सेवा क्षेत्र कुशल कर्मियों पर बहुत अधिक निर्भर करता है इसलिए बुनियादी और उन्नत शिक्षा, पेशेवर प्रशिक्षण, शोध और विकास में भारी निवेश आवश्यक हैं। सेवा निर्यात केंद्रों में विविधता लाना भी मददगार होगा। देश का आधा से अधिक सेवा निर्यात अमेरिका और कनाडा जाता है। ऐसे में वहां आर्थिक उथलपुथल हमें भी प्रभावित करेगी। व्यापक नीतिगत स्तर पर भारत को वस्तु निर्यात बढ़ाने पर जोर देना चाहिए और इसे ध्यान में रखते हुए ही हस्तक्षेप किया जाना चाहिए। भूराजनीतिक हालात को देखते हुए बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन से दूर विविधता लाना चाहती हैं। यह बात भारत के सामने निवेश जुटाने और विनिर्माण बढ़ाने का बड़ा अवसर लाती है। इससे निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

**अमर भास्कर**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

# भुगतान नियम पर सकारात्मक प्रतिक्रिया




नियमों में बदलाव की मांग के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय को एमएसएमई के लिए 45 दिन के भुगतान चक्र को लागू करने को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। हालांकि यह जानकारी देने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि वित्त विधेयक में कोई भी बदलाव करना वित्त मंत्रालय का विशेषाधिकार है।

अधिकारी ने कहा कि फिलहाल 45 दिन में भुगतान करने के नियम को लागू करने को लेकर हमें उद्योग से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। वे बहुत खुश हैं। बजट में कोई बदलाव किया जाएगा, या नहीं, यह पूरी तरह से वित्त मंत्रालय के विवेकाधीन है।

वित्त वर्ष 2023 के बजट में सरकार ने आयकर अधिनियम की धारा 43 बी में नया खंड जोड़ा था, जिससे कि एमएसएमई को भुगतान में होने वाली देरी की समस्या से निपटा जा सके। इस देरी के कारण एमएसएमई की कार्यशील पूंजी और कारोबार में वृद्धि पर बुरा असर पड़ता है। आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी खंड में कहा गया है कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों से प्राप्त बिलों पर क्रेताओं के द्वारा व्यय का दावा केवल तभी किया जा सकता है, जब इसका भुगतान करार होने पर 45 दिनों के भीतर किया गया हो तथा करार न होने की स्थिति में 15 दिनों के भीतर किया गया हो। इस सिलसिले में एमएसएमई मंत्रालय को भेजे गए ई-मेल का जवाब खबर छपने तक नहीं मिल सका। छोटे और मझोले कारोबारियों के लिए गैर लाभकारी, गैर सरकारी संगठन इंडिया एसएमई फोरम ने अपने परिषद के 102 सदस्यों के बीच सर्वे कराया।

सर्वे के मुताबिक 93 सदस्यों ने नियम का समर्थन किया, 5 ने संशोधन का सुझाव दिया और 4 इस आयकर संशोधन को वापस लिए जाने के पक्ष में थे।

इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि पिछले दो दशक से हम खरीदारों से 45 दिन की सीमा का पालन कराने का प्रयास कर रहे हैं और भुगतान में देरी एमएसएमई के लिए अभिशाप बन गई है। आईटी ऐक्ट में यह प्रावधान किया जाना सरकार द्वारा बहुत समय से उठाया गया कदम है और यह पूरे सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए भारत में बेहतर वातावरण बनाने के लिए बहुत ज्यादा लाभदायक साबित होगा।

डेलॉयट इंडिया में पार्टनर सुमित सिंघानिया ने कहा कि 2023 के वित्त अधिनियम में बदलाव इस मकसद से किया गया है कि समय से एमएसएमई को नकदी मिल सके। उन्होंने कहा, 'बहरहाल इस कानूनी बदलाव को लागू करने में कुछ मसले सामने आ रहे हैं, जिनके समाधान की जरूरत है।

सर्वे में हिस्सा ले चुके वाईएमके सॉल्यूशंस के युवराज काशिवा ने कहा कि खरीदारों में वित्तीय अनुशासन तेज करने की अहम भूमिका है और इससे एसएमई को भुगतान में देरी की समस्या से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा, 'इसे आगे और मजबूत किए जाने से समय सीमा का पालन किया जाना सुनिश्चित हो सकेगा।

जालाराम एक्सपोर्ट्स के रिद्धि मजीठिया ने कहा कि 45 दिन में भुगतान का नियम ऐसे नए उद्यमियों के लिए जीवनदायिनी है जिनके ग्राहकों से अच्छे संबंध स्थापित न हो पाए हों। उन्होंने कहा मौजूदा संबंध क्रेडिट बढ़ा सकते हैं, लेकिन भुगतान के लिए 45 दिन पर्याप्त हैं। इससे कार्यशील पूंजी का प्रवाह सुनिश्चित हो सकेगा और लेनदेन का चक्र गतिशील और प्रभावी बनेगा। इससे सबसे लिए कारोबार का बेहतर माहौल बनेगा

# ग्रामीण इलाकों में बढ़ रही मांग: दास




ग्रामीण मांग में सुधार, सरकार का व्यय और सेवा निर्यात बढ़ने के कारण आर्थिक गति जारी रहने को लेकर भरोसा जताते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि अनुमान के मुताबिक 7.3 प्रतिशत रहेगी।

वहीं उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई दर नीचे आ रही है, लेकिन खाद्य कीमतों में अस्थिरता के कारण महंगाई दर कम करने का अंतिम प्रयास चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में नीतिगत रुख को लेकर कुछ कहना जल्दबाजी होगी। दास ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान चालू खाते का घाटा 1 प्रतिशत से कम रह सकता है। ईटी नाऊ के एक कार्यक्रम में दास ने कहा कि हम आर्थिक गतिविधियों में मजबूत गति देख रहे हैं। और इस साल की पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में भी इसी तरह की मजबूत रफ्तार जारी है। इसे देखते हुए हम काफी आशावादी हैं। हम आशान्वित हैं कि इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में हमने 7.3 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था, वह मूर्त रूप लेगी। ऐसा कोई कारण नहीं है कि इसकी रफ्तार धीमी हो जाए।'

मौद्रिक नीति समिति ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वृद्धि का अनुमान पहले के 7 प्रतिशत अनुमान से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। पहली तिमाही में 7.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। जबकि इसके पहले इन तिमाहियों में क्रमशः 7.1 प्रतिशत, 6.9 प्रतिशत, 7 प्रतिशत और 7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया था। उन्होंने कहा ग्रामीण मांग, खासकर खपत में अब सुधार के साफ संकेत मिल रहे हैं। दास ने कहा किग्रामीण इलाकों में एफएमसीजी की बिक्री बढ़ी है और मनरेगा में काम की मांग कम हुई है। कृषि क्षेत्र का परिदृश्य भी आशावादी है।

## खेल-खिलाड़ी

# वेस्टइंडीज के लिए करो या मरो का मुकाबला



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका के बीच सुपर आठ चरण में ग्रुप दो का मुकाबला खेला जाएगा। दोनों मेजबानों के लिए यह मुकाबला करो या मरो की तरह है जहां वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए अमेरिका के खिलाड़ी बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी, जबकि ग्रुप चरण में पाकिस्तान को हराकर उलटफेर करने वाली अमेरिका की कोशिश एक बार फिर इसी तरह का कारनामा करने पर टिकी होंगी।

ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया था। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। इस हार के बाद रोवमैन पॉवेल की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है और उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाए रखने के लिए बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। दूसरी ओर पाकिस्तान को हराने के बाद अमेरिका ने भले ही कोई मैच नहीं जीता हो लेकिन भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका पर अप्रत्याशित जीत के करीब पहुंचने के बाद 18 रन से हार गई।

सह मेजबान अमेरिका ने अभी तक आक्रामक क्रिकेट खेली है और इस मैच में भी उससे यही उम्मीद होगी। अमेरिकी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने मैच से पूर्व कहा, हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और टीम का आपसी तालमेल कमाल का है। हमें पता है कि सुपर आठ की बाकी टीमों के सामने हमें कमजोर माना जाएगा। हम यहां अच्छा खेलने आए हैं।

ऐसा कर सके तो जीतेंगे वरना हारेंगे। अमेरिका की कमजोरी उसका अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण है जिसके लिए वेस्टइंडीज के पावर हिटर्स निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और पॉवेल को गेंदबाजी करना बड़ी चुनौती होगा। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि उनकी टीम का मनोबल गिरा नहीं है। उन्होंने कहा, किसी टूर्नामेंट में किसी मैच में विरोधी टीम आप पर हावी हो जाती है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप बाहर ही हो गए हैं। अब हमें सारे मैच जीतने होंगे और हमारा फोकस उसी पर है। इंग्लैंड के खिलाफ बाजू में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ने को मजबूर हुए ब्रेंडन किंग का खेलना संदिग्ध है। उनके नहीं खेलने पर शिमरोन हेटमायेर को टीम में जगह मिलेगी। वहीं अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद से बाहर हैं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष

### योग तथा प्राणायाम

तन-मन का मिलन
योग की पहचान।
शांति की ओर बढ़े
छोड़ें सब गुमान।
प्राणायाम की धारा
जीवन मे बहाये।
सासों की लय से
नई ऊर्जा पाये।
वृक्षासन की स्थिरता
पर्वत की तरह।
ध्यान मुद्रा की गहराई
सागर की तरह।
सूर्य नमस्कार को
हर सुबह करें।
सूरज की किरणों से
नई उमंग भरें।
योग की तपस्या
ध्यान का बल।
अहंकार को मिटा दे
दिल से हर छल।
योग साधना है
आत्मा का संगीत।
प्राणायाम है साधन
मन को मिले नवगीत।
तनाव से मुक्ति है
योग का वरदान।
सुख और समृद्धि
इसका है अभियान।
श्वास की लय में छुपा
जीवन का सार।
योग और प्राणायाम से
करें इसे स्वीकार।
आओ मिलकर अपनाये
योग का हर रूप।
शांति और सुख से भर
जाये हमारा ये स्वरूप॥



**लेखक:- प्रतिमा पाठक**
**दिल्ली।**

# टेन-10 से जुड़े दिग्गज ऑलराउंडर इरफान पठान और क्रिस गेल

**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान और वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के टेन-10 टूर्नामेंट से मेंटर के तौर पर जुड़े हैं। एलएलसी टेन-10 ने इसकी घोषणा की। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य नई टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाना और इन क्रिकेट दिग्गजों के विशाल अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए खिलाड़ियों को मार्गदर्शन प्रदान करना है। एलएलसी के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, मेंटर के तौर पर इन पूर्व खिलाड़ियों के शामिल होने से एलएलसी टेन-10 में पेशेवर और समर्पण का एक नया स्तर आने की उम्मीद है। उनकी उपस्थिति न केवल खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी, बल्कि रणनीतिक अंतर्दृष्टि भी प्रदान करेगी जिससे आगामी सीजन में टीम के प्रदर्शन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

# उत्साहपूर्वक मनाया गया दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। जनपद के समस्त विकासखंड एवं नगर पालिका तथा नगर पंचायत स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर एवं स्वच्छ संस्थानों पर योग शिविर के माध्यम से हजारों लोगों द्वारा योग का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों के माध्यम से लिया।



दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जनपद स्तरीय कार्यक्रम बहजोई-चंदौसी रोड़ स्थित शशि मदन पब्लिक स्कूल में हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया। तथा जिलाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि मा.मंत्री गुलाब देवी एवं मंडलायुक्त मुरादाबाद का बूके देकर स्वागत किया।

योग प्रशिक्षक रुपाली बागाद्रेय एवं अन्य योग प्रशिक्षकों के द्वारा शिविर में उपस्थित सभी लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया। अनुलोम, विलोम, प्राणायाम आदि योगासन प्रशिक्षकों द्वारा कराए गए। मंत्री अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन काल में योग का बहुत महत्व था।

प्रधानमंत्री ने योग को फिर से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि शारीरिक योग और कर्म योग आपस में मिलते हैं तब भक्ति योग बन जाता है। भक्ति योग बनने पर व्यक्ति का मन उस अनन्त शक्ति से जुड़ जाता है। मनुष्य के जीवन में शारीरिक योग के साथ- साथ मानसिक योग भी बहुत आवश्यक है।

युवा पीढ़ी अनुशासन में रहकर अपने जीवन को सफल बना सकती है। मंत्री द्वारा योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद में आयोजित की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन, स्लोगन, मानसिक स्वास्थ्य में खेल का महत्व विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में चयनित छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर मंत्री एवं मंडलायुक्त मुरादाबाद द्वारा सम्मानित किया गया।

नोडल अधिकारी आयुष विभाग डॉक्टर प्रवीण शर्मा द्वारा बताया गया कि जनपद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लगभग 30 से 40 हजार लोगों द्वारा योग कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। और उन्होंने बताया कि जनपद में योग सप्ताह के अंतर्गत कुल लगभग 3 लाख लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा एवं दीपक चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष चंदौसी लता वार्ष्णेय, जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, एलडीएम अमित विश्नोई, भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह, नोडल अधिकारी आयुष विभाग डॉ प्रवीण शर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा विद्यालय के छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# योग से होता है शारीरक और मानसिक क्षमताओं का विकास: ज्योति वसु आर्य

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गवांध्रजपुरा।** क्षेत्र के टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय भीकमपुर जैनी में दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सार्वदेशिक आर्य वीर दल से व्यायाम शिक्षक एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से योग शिक्षक ज्योति वसु आर्य ने प्रोटोकॉल योग के साथ साथ विशेष व्यायाम कराया और कहा कि योग व्यक्ति की शारीरिक क्षमता, उसके मन, भावनाओं तथा ऊर्जा के स्तर के अनुरूप कार्य करता है।



इसे व्यापक रूप से पाँच वर्गों में विभाजित किया गया है। ज्ञान योग रूप बोध के लिए योग, भक्ति योग रू मनोभाव संस्कृति के लिए योग, कर्म योग रूप निष्काम भाव के लिए योग, ध्यान योग रूप ध्यान के लिए योग, क्रिया योग रूप जीवनशक्ति के सर्वोत्तम प्रयोग के लिए योग, प्रत्येक व्यक्ति इन पाँच योग कारकों का एक अद्वितीय संयोग है। केवल एक समर्थ गुरु (अध्यापक) ही योग्य साधक को उसकी आवश्यकतानुसार आधारभूत योग सिद्धांतों का सही संयोजन करा सकता है, योग की सभी प्राचीन व्याख्याओं में इस विषय पर अधिक बल दिया गया है। कि समर्थ गुरु के मार्गदर्शन में अभ्यास करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी युवा नेता वेद वसु यादव रहे साथ में महेश चन्द्र, विजयपाल शास्त्री, सन्दीप राघव, योगेश कुमार, सोनिका यादव, अंजू शर्मा, राजवसु यादव एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# नगर पंचायत सिरसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नगर पंचायत सिरसी द्वारा जवाहरलाल इंटर कॉलेज परिसर में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कौशर अब्बास अध्यक्ष नगर पंचायत सिरसी मौजूद रहे नगर पंचायत अध्यक्ष कौशर अब्बास ने योग दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योग करना हम सबके लिए लाभदायक है।



इसलिए बच्चा जवान बूढ़े सबको योग करना चाहिए, जिससे शरीर स्वस्थ तो रहता ही है। तथा गंभीर बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए योग करना अति आवश्यक होता है। और उन्होंने कहा की स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस अवसर पर जवाहरलाल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल अरविंद कुमार शर्मा और नगर पंचायत के कर्मचारी और सभासद और स्कूल के बच्चे और स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में योगाभ्यास किया गया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बहजोई।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस लाइन बहजोई परिसर में अधिकारी, कर्मचारीगणों द्वारा योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास के दौरान मौजूद समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण को योग से होने वाले फायदे तथा विभिन्न आसनों पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शवासन, ताड़ासन, शीर्षासन, सूर्य नमरूस्कार आदि का अभ्यास किया गया। योग से लाभ प्राप्त करने के लिए सुरक्षित और नियमित अभ्यास हेतु प्रोत्साहित किया गया।



## सार-संक्षेप

### संत निरंकारी भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**काशीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निरंकारी सत्संग भवन काशीपुर में भी प्रात: 6 बजे से एक योग शिविर का आयोजन किया गया। यह योग शिविर कुशल प्रशिक्षको की देखरेख में आयुष्मान मंत्रालय के द्वारा दिए गए प्रोटोकॉल कॉल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। सर्वप्रथम निरंकारी संतो में सेवादल प्रार्थना से इस कैंप इस शिविर का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मुख्य प्रशिक्षक पंडित उमाशंकर एवं उनकी 6 वर्षीय बेटी और निरंकारी सेवा दल की बहन पूनम मेहता और कृष्णा देवी देखरेख में लगभग 15 निरंकारी श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर खुद को गौरांवित महसूस किया। महिलाओं में, पुरुषों में और बच्चों में उत्साह देखते ही प्रतीत हो रहा था।

पंडित उमाशंकर जी ने सूक्ष्म योग के द्वारा यह संदेश देते हुए उपस्थित संत महापुरुषों को कहा कि स्वस्थ रहने के लिए या तो दवाई चला लो, या अपने आप को चला लो. यानी योग करते रहने से दवाइयों से बचा जा सके। संत निरंकारी मिशन लगभग पिछले 1 वर्षों से प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता चला रहा है। संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग सभी ब्रांचों में यह लगाया गया। इसमें आध्यात्मिकता के साथ-साथ शारीरिक विकास एवं स्वस्थ्य रहने के लिए योग की आवश्यकताओं पर बल दिया गया। स्थानीय सेवा दल संचालक प्रवीण अरोड़ा के द्वारा आए हुए प्रशिक्षकों एवं साध संगत के महापुरुषों का धन्यवाद करते हुए अपने शारीरिक विकास एवं मानसिक विकास के लिए योग से क्या लाभ मिलता है इसका जिक्र किया। हमें आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सुंदर बनाना है। इस बात पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर भाई साहब सी के चौहान राम प्रकाश दुआ, लेखराज डॉक्टर चंद्रशेखर, राजेंद्र मनोचा, तेजपाल हरीश, बहन मुनी, रीटा, मीना नेगी, माया रंजना , नन्ही भी मौजूद रहे।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से भारतवर्ष की लगभग सभी शाखाओं में स्वच्छ मन -स्वच्छ जीवन के अंतर्गत आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग की आवश्यकताओं का जिक्र किया गया। अंत में स्थानीय मुखी राजेंद्र अरोड़ा जी ने आए हुए सभी महापुरुषों एवं सम्मानित प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा समय-समय पर सिलाई कढ़ाई, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण, जल संरक्षण, रक्तदान शिविर इत्यादि अनेक सामाजिक सेवाओं की गतिविधियों में निरंकारी मिशन का योगदान हमेशा बना रहता है। यह समस्त जानकारी प्रकाश खेड़ा द्वारा दी गई।

### 24 जून के बाद बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**उत्तराखंड।** मानसून की बारिश होने के बाद अब अगले कुछ दिन तक मौसम खराब रहेगा। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में 24 से 30 जून तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। बीच में कुछ दिन बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। वहीं, मानसून की अब दो से तीन दिन में प्रदेश में दस्तक दे सकता है। 24 से 26 और 29 जून को नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

# अन्तर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस भव्य रूप में मनाया गया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं यशस्वी मुख्यमंत्री उ.प्र शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन आज 21 जून 2024 को श्री गणेश इण्टर कॉलेज कासगंज में मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण की मौजूदगी में भव्य रूप से सम्पन्न।



राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक शांति और संपूर्ण कल्याण के लिए भी आवश्यक है। योग से हम जीवन में संतुलन और समृद्धि प्राप्त कर सकते है। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। योग दिवस के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र, शिक्षक और विभिन्न संगठनों के सदस्य शामिल हुये सभी ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और योग के महत्व को समझा विशेष रूप से दिव्यांगजन और पिछड़े वर्ग के लोगो की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया, ताकि समाज के हर वर्ग को योग का लाभ मिल सके।

योग भारतीय संस्कृति एवं परंपरा की एक अमूल्य देन है। योग से हमें मानसिक शांति, आत्म विश्वास, मनोबल, संयम, और सहन शक्ति मिलती है। शारीरिक जटिलताओं से मुक्ति पाने के लिये समुचित जानकारी करके प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के योगासन करना एक बेहतरीन उपचार है। प्रतिदिन योगा करके मानव शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत होकर स्वस्थ, प्रसन्नचित्त व निरोग रहता है। मानव जीवन के लिये स्वस्थ शरीर होना अनिवार्य है। शरीर को निरोग और स्वस्थ बनाये रखने के लिये योगा करना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिदिन योगा करके विभिन्न बीमारियों और शारीरिक जटिलताओं से बचा जा सकता है। इम्युनिटी पावर बढ़ाने के लिये योगा बहुत महत्वपूर्ण है। जनसामान्य को योगा के प्रति जागरूक कर प्रेरित करने के लिये प्रतिवर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है।

विषम परिस्थितियों में जब आदमी की सोच बदल गयी है। खान-पान बदल गया है, रहन-सहन बदल गया है। इस भौतिकता के युग में हम पाश्चात्य संस्कृति को अपनाते जा रहे हैं। जो जीवन के लिए अत्यन्त घातक है। योग दिवस हमे बतलाता है कि व्यक्ति को सूर्योदय के पूर्व उठना चाहिए, नियम, संयम को अपने जीवन में अत्यधिक महत्व देना चाहिए तभी व्यक्ति स्वस्थ्य रह सकता है। यह एक ऐसा मौका था, जब जनप्रतिनिधि, जिले भर के अधिकारी और आम नागरिकों ने एक साथ योगाभ्यास किया। योगासनों में कॉमन योग प्रोटोकॉल की ग्रीवा शक्ति, शक्ति एवं घुटना शक्ति विकासक क्रियाओं, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन एवं शवासन सहित कपालभाति नाड़ी शोधन प्राणायाम शीतली प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद में पूर्ण उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। जनपद के विभिन्न भागों में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन मैं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने किया, योगाभ्यास, वहीं पर्यटक केंद्र के प्रांगण में उच्च शिक्षा आयोग के सदस्य डॉ. राधाकृष्णन दीक्षित के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने किया योगाभ्यास, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे के नेतृत्व में अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास, कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया, भाजपा अध्यक्ष केपी सिंह, ब्लाक प्रमुख सहावर कृष्णा सिंह, ब्लाक प्रमुख यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सचिन, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, जिला कृषि अधिकारी डा. अवधेश मिश्र, जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी, समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं सहित आमजन ने हजारों की संख्या में श्री गणेश इण्टर कॉलेज में एक साथ योगाभ्यास किया तथा जनसामान्य को प्रतिदिन योगा करके स्वस्थ और नि:रोग रहने का सन्देश दिया।

# डीएसएम शुगर मिल में मनाया योग दिवस



**रजपुरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल संभल के दिशा निर्देश पर डीएसएम शुगर मिल राजपुरा में एक सप्ताह से योग दिवस मनाते हुए यूनिट हेड आशीष शर्मा एवं एवं योगा टीचर ऋषि यादव एवं उनके सहयोगी जितेंद्र कुमार ने कारखाने में सभी को योग कराया तथा यूनिट हेड आशीष शर्मा ने कहा। कि करें योग रहे निरोध स्लोगन बिल्कुल जीवन में सही है। योग से हम अपने जीवन के दिनचर्या को बदल सकते हैं। योग से हमें स्वस्थ एवं मानसिक लाभ मिलता है। योग में अभय शर्मा, राजन कुमार दीक्षित आंचल बिंदल गुरप्रीत सिंह लविश कुमार संजीव कुमार अमित कुमार, संतोष कुमार, देवानंद तिवारी, इत्यादि उपस्थित थे।

# कार और बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** कार और बाइक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, सड़क हादसे की सूचना पाकर डायल 112 तुरंत मौके पर पहुंच गई।

जिला अस्पताल संभल में भर्ती कराया, थाना नखासा क्षेत्र का मोंटी पुत्र एमएलए निवासी ग्राम रसूलपुर सराय थाना नखासा बाइक से अपनी ससुराल ढवारसी की मढ़ैया थाना आदमपुर जनपद अमरोहा के लिए घूमने गया था। जैसे ही अपनी ससुराल घूम कर एच एम स्कूल संभल की पुलिया के पास पहुंचा ही था। तभी एक कार से बाइक टकरा गई, और मोंटी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने मोंटी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# किसान एफपीओ बनाकर योजनाओं का लाभ उठायें, खेतों में पराली न जलायें खाद बनायें: सीडीओ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** मुख्य विकास अधिकारी सचिन की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान दिवस बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि एफपीओ गठन सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। किसान संगठित होकर एफपीओ बनायें और योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनायें।



वैज्ञानिकों ने लू के बचाव से सम्बन्धित जानकारी किसानों को दी और धान से सम्बंधित जानकारी खेतों से फसल अवशेष के प्रबन्धन के साथ-साथ मेंड़ों की सफाई करना, गहरी जुताई कर मिट्टी में मोजूद कीटों एवं बीमारियों की विभिन्न अवस्थाओं को नष्ट करना, मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्व की मात्रा के निर्धारण हेतु मृदा परीक्षण करवाना, धान की जीरो टिलेज से बुवाई करते समय निम्नलिखित सावधानियां अपनानी चाहिए। बुवाई के पहले ग्लाइफोसेट की उचित मात्रा को खेत में एक समान छिड़कना चाहिए, कई-एक जानकारी वैज्ञानिकों द्वारा दी गई। कृषि अधिकारी ने खरीफ उत्पादन की कार्य योजना के बारे में बताया उन्होंने कहा कि जनपद में अभी भी काफी भूमि है, जहां खरीफ में कोई भी फसल नही ली जा रही है, प्रयास कर इस क्षेत्र को फसलो के अन्तर्गत लिया जाये। उन्होंने कहा कि धान फसल की सीधी बुवाई की जाती है। इस यंत्र के प्रयोग से धान की बुवाई के लिए नर्सरी तैयार करने या रोपाई करने की आवश्यकता नही होती है धान की बीजों को भिगोकर जब उनमें अंकुरण होने लगें, तब ड्रम सीडर में डालकर बुवाई की जाये। इस बात पर विशेष ध्यान दें की बुबाई के 24 घंटे तक वर्षा नही होनी चाहिए अन्यथा बीज तैर जायेगें। किसान फसल अवशेष प्रबंधन उपाय अपनायें तथा खेत और पर्यावरण को नुकसान होने से बचायें। फसल अवशेष को जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। खेत में मौजूद केंचुये मर जाते हैं। जमीन में लाभदायक जीवाणु की क्रियाशीलता कम हो जाती है। जिससे फसलों की पैदावार कम हो जाती है। फसल अवशेष जलायें नहीं बल्कि उनकी खाद बनाकर उपयोग करें, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों को उसका लाभ मिलेगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नई तहसील में तहसीलदार को सोपा तथा कहा, कि 2024 परीक्षा में भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दाव पर लग गया है। अभिभावकों के लाखों रुपए बर्बाद हुए हैं। जिस कारण कई छात्र अवसाद में है। और कई छात्रों ने तो आत्महत्या कर ली है। मेडिकल की परीक्षा है। जिसमें ईश्वर का स्वरूप चिकित्सकों का निर्माण होता है ऐसी परीक्षाओं में कदाचार और भ्रष्टाचार से आए हुए चिकित्सक भविष्य में आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ही करेंगे, 2024 परीक्षा कराने वाली संस्था छज्न ने अपनी परीक्षा 18 जून 2024 को संपन्न परीक्षा के अगले ही दिन अनियमिताओं की आशंका से ही रद्द कर दी है और सीबीआई जांच की अनुशंसा दी गई है, इसमें इससे नीट की परीक्षा में धांधली के आरोपी को बल मिलता है कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि 2024 की परीक्षा को रद्द करते हुए एनटीए से कराई गई, सभी परीक्षाऔ की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए।



## न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर हजारों लोगों ने किया योग

**वाशिंगटन।** देश से लेकर विदेश तक 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह देखा जा रहा है। अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर भी योग को लेकर लोगों में एक अलग ही उत्साह देखते बन रहा है। यहां हजारों योग प्रेमी जमा हुए हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर यहां पूरे दिन कार्यक्रम चलने वाले हैं। हर साल 21 जून को लोग योग का अभ्यास करने के लिए उत्सुक होते हैं।




ऐसे में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर के साथ एक साझेदारी की। इस साझेदारी के साथ ही गुरुवार को टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्रों का आयोजन किया गया। हालांकि, न्यूयॉर्क में भीषण गर्मी पड़ रही है, इसके लिए चेतावनी भी जारी की गई है।

दिन के समय यहां का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इतनी प्रचंड गर्मी के बावजूद योग के प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ। सभी राज्यों और क्षेत्रों से लोग सुबह-सुबह ही यहां पहुंच गए और योग करने के लिए मैट बिछा लिए। योग प्रशिक्षक और श्वास ध्यान शिक्षिका ऋचा ढेकने ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

बता दें आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की स्वयंसेवक के रूप में ढेकने को दो दशकों से अधिक का अनुभव है। कई अन्य योग शिक्षकों और विशेषज्ञों ने भी टाइम्स स्क्वायर पर पूरे दिन अलग-अलग तरीके के ध्यान, व्यायाम और श्वास से जुड़े योग कराए। दिनभर चली गतिविधियों में हजारों लोगों ने भाग लिया। वहीं, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा कि जैसा कि आप देख सकते हैं कि यहां कई देशों से आए योग प्रतिभागी मौजूद हैं और यह आज पूरे दिन चलने वाला है। उन्होंने कहा कि यहां करीब आठ हजार से 10 हजार प्रतिभागियों के योगाभ्यास करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, शमुझे वाकई खुशी है कि इस साल योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। मुझे यकीन है कि यह आज यहां और अमेरिका के अन्य विभिन्न हिस्सों में भाग लेने वाले सभी लोगों को प्रेरित करेगा। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

इस दौरान सात योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न देशों के लगभग 10,000 लोगों ने भाग लिया। प्रधान ने प्रतिभागियों का अभिवादन किया और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग के फायदों के साथ ही प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ प्रवासी भारतीयों के सदस्यों ने भी योग सत्र में भाग लिया।

## अब रूस में घुसकर जवाब देगा कीव

**मास्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध दो साल से ज्यादा समय से जारी हैं। दोनों में से कोई भी देश हथियार डालने के लिए नहीं मान रहा है। इस जंग के चलते रूस और अमेरिका के रिश्तों में भी तनाव आ गया है। वॉशिंगटन लगातार कीव की मदद कर रहा है। अब एक मीडिया रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन को रूसी बलों पर कहीं भी अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए गए हथियारों का इस्तेमाल कर हमला करने की इजाजत दी है।

अमेरिका ने कहा है कि यूक्रेन की सेना सिर्फ खार्किव के पास के क्षेत्र से ही नहीं बल्कि सीमा पार से भी हमला कर सकती है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रुख अमेरिका द्वारा कीव को रूस के अंदर हमला करने के लिए चुपचाप हरी झंडी दिए जाने के कुछ सप्ताह बाद सामने आया है, जो कि खार्किव शहर पर सीमा पार से हुए हमले का जवाब है।

## रेल हादसा: पेपर सिग्नल पर रोक का आदेश वापस लिया

**कोलकाता।** सियालदह रेल डिवीजन ने टी/ए 912 जारी करने पर रोक लगाने के अपने आदेश को बृहस्पतिवार को वापस ले लिया। रेल डिवीजन ने कहा कि पत्र गलती से जारी किया गया था। इसलिए इसे वापस ले लिया गया है। नए आदेश में कहा गया है कि प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर और प्रिंसिपल हेड ऑफडिपार्टमेंट्स की बैठक में टी/ए 912 जारी करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही सख्त हिदायत दी गई है कि सभी संबंधित लोग आदेशों का सख्ती से पालन करेंगे।



इस आदेश के किसी भी उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। टी/ए 912 एक लिखित प्राधिकार पत्र होता है, जिसे स्टेशन मास्टर ट्रेन चालक को सौंपता है। ऑटोमेटिक सिग्ननल सिस्टम फेल होने पर चालक को लाल सिग्नल पार करने की अनुमति देता है। अथॉरिटी लेटर टीध्ए 912 को लेकर विवाद तब खड़ा हुआ, जब यह बात सामने आई कि कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारने वाली मालगाड़ी के ड्राइवर के पास स्टेशन मास्टर से नौ रेड सिग्नल जंप करने का अथॉरिटी लेटर था, क्योंकि ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली में खराबी आ गई थी।

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में खड़ी कंजनजंघा एक्सप्रेस को 17 जून की सुबह मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 40 लोग घायल हो गए थे। मरने वालों में यात्री ट्रेन का गार्ड और मालगाड़ी का चालक भी शामिल था। हादसे की शुरुआती जांच में मालगाड़ी के चालक दल और जलपाईगुड़ी डिवीजन के परिचालन विभाग की लापरवाही सामने आई है। हादसे के बाद रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा ने कहा था कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल को अनदेखा किया, जिस वजह से यह हादसा हुआ। रेलवे सेफ्टी के कमिश्नर इस हादसे की विस्तृत जांच कर रहे हैं।

वहीं, हादसे के तुरंत बाद रेलवे ने छह वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनाई, जिसे शुरुआती जांच का जिम्मा दिया गया था। अब जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है।

## भारतीय मजदूर की मौत मामले में इटली में जांच, संयुक्त राष्ट्र पहुंचा वेटिकन मुकदमा

**रोम।** देश के दक्षिण में स्थित गांव एग्रो पोंटिनो में तरबूज के खेत में काम करते समय सतनाम सिंह का एक हाथ कट गया था। घायल होने के दो दिन बाद सिंह की बुधवार को अस्पताल में मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घायल होने के बाद सिंह को उनके घर के बाहर छोड़ दिया गया था। उनके कटे हुए हाथ को फलों के टोकरे में रखा गया था। खेत के मालिक रेन्जो लोवाटो ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।




लोवाटो ने स्थानीय मीडिया से कहा कि जिस मशीन से सिंह घायल हुए थे उन्हें उसके करीब न जाने की चेतावनी दी गई थी। लोवाटो ने बताया कि सिंह ने उनकी बात नहीं मानी। दुर्भाग्य से यह एक बड़ी लापरवाही थी। काराबेनियरी पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि लोवाटो के बेटे पर सिंह को उनके घर के बाहर गंभीर हालत में छोड़ने, हत्या और संकट के समय किसी व्यक्ति की सहायता न करने के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

वेटिकन के बड़े वित्तीय मुकदमे में एक प्रतिवादी ने संयुक्त राष्ट्र में शिकायत की है कि पोप फ्रांसिस ने जांच में व्यापक निगरानी को अधिकृत करके उसका मानवाधिकार हनन किया है। नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में जिन चार विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, उनमें एक भारतीय महिला भी शामिल है। महिला की पहचान लालरुता सांगी (27) के रूप में की गई है। नेपाल एनसीबी ने 15.80 करोड़ की 4,504 ग्राम कोकीन बरामद की थी।

राजपुरा की भटेजा कॉलोनी व पटियाला निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीप सिंह सोढ़ी की बेटी तान्या सोढ़ी को लिबरल पार्टी ऑफकनाडा ने मॉन्कटन नॉर्थवेस्ट के लिए उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। बीजेपी नेता ने बताया कि उनकी बेटी तान्या सोढ़ी कनाडा में रियाल्टर के साथ-साथ वकील के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे रही हैं।

## उत्सव के दौरान फिर हुई गोलीबारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर सार्वजनिक रूप से गोलीबारी की घटना सामने आई है। कैलिफोर्निया में ऑकलैंड पुलिस ने बताया कि जूनटीन्थ समारोह के दौरान 15 लोगों को गोली मार दी गई। समाचार एजेंसी पीटीआई ने एपी के हवाले से आई रिपोर्ट के मुताबिक बताया कि कैलिफोर्निया के ओकलैंड में गोलीबारी की यह घटना बीते एक हफ्ते में दूसरी बार हुई है। इससे पहले बीते शनिवार की रात टेक्सास के राउंड रॉक में भी जूनटींथ उत्सव के दौरान गोलीबारी की खबर सामने आई थी। हमलावर में भीड़ पर गोली चलाई, जिसमें तीन लोगों की मौत की खबर सामने आई थी। इस गोलीबारी में दो बच्चे समेत कम से कम छह लोग घायल भी हुए थे। टेक्सास में गोलीबारी की घटना उस समय घटी थी जब जूनटींथ उत्सव के दौरान वेंडर क्षेत्र के पास दो समूह आपस में भिड़ गए।

## लेबनान से हिजबुल्ला ने दागे दर्जनों रॉकेट

**इजराइल।** हमास और इस्राइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, इस्राइल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वह इस समय अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। पहले आतंकी संगठन हमास ने हमले किए।



वहीं, अब लेबनान के आंतकी समूह हिजबुल्ला ने भी हमला कर दिया है। हिजबुल्ला का कहना है कि उसने दक्षिण लेबनान में एक घातक हमले के जवाब में गुरुवार को उत्तरी इस्राइल में दर्जनों रॉकेट दागे। यह हमला समूह के नेता के उग्र भाषण के एक दिन बाद हुआ था। क्षेत्रीय युद्ध की आशंका तब बढ़ गई जब हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह ने बुधवार को चेतावनी दी कि उनके समूह के खिलाफ युद्ध की स्थिति में इस्राइल का कोई भी स्थान नहीं छोड़ा जाएगा।

उसने पड़ोसी द्वीप राष्ट्र साइप्रस को भी धमकी दी कि यदि उसने अपने हवाई अड्डों को इस्राइल के लिए खोल दिया तो वे इसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। हिजबुल्ला ने गुरुवार को कहा कि इस्राइल के दुश्मन ने दीर किफा गांव में जो हत्या की है, उसके जवाब में लड़ाकों ने एक इस्राइली बैरक को दर्जनों कत्युशा रॉकेट से निशाना बनाया।

लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने दक्षिण लेबनान के डेर किफा क्षेत्र में एक वाहन पर दुश्मन के ड्रोन हमले में एक व्यक्ति के मारे जाने की सूचना दी है। हिजबुल्ला ने एलान किया कि उसका एक लड़ाका मारा गया है। इस्राइली सेना ने कहा कि एक हवाई हमले ने डेर किफा क्षेत्र में हिजबुल्ला के एक सदस्य को मार गिराया। सेना ने कहा कि मारा गया शख्स इस्राइल के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने, उसे अंजाम देने और दक्षिण लेबनान के जौइया क्षेत्र में हिजबुल्ला जमीनी बलों की कमान को संभालने के लिए जिम्मेदार था।

सेना ने आगे कहा कि इस्राइली लड़ाकू विमानों ने हिजबुल्ला की ओर से छोड़ी गईं मिसाइलों को मार गिराया है। हिजबुल्ला ने गुरुवार को इस्राइली सैनिकों और ठिकानों पर कई अन्य हमलों की जिम्मेदारी ली, जबकि एनएनए ने दक्षिण लेबनान में इस्राइल के हमलों की सूचना दी। लेबनान और इस्राइल दोनों एक-दूसरे को दुश्मन देश मानते हैं। दोनों के बीच हुए संघर्ष के बाद 2006 में एक शांति समझौता हुआ, जिसके बाद से ही शांति बनी रही है।

## हिंद-प्रशांत में मोदी के साथ काम को तैयार अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर का कहना है कि सीधी चर्चा के लिए गति, दायरा और चरित्र दोनों देशों द्वारा निर्धारित किया जाना चाहिए। वहीं, अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को महत्व देने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।



इसके अलावा, हिंद-प्रशांत रणनीति पर अमेरिका ने कहा कि भारत न केवल सरकारी स्तर पर बल्कि लोगों से लोगों के स्तर पर भी अमेरिका का करीबी भागीदार बना हुआ है। अमेरिका हिंद-प्रशांत रणनीति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के साथ काम करना जारी रखेगा। मैथ्यू मिलर ने बृहस्पतिवार को पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उनसे पूछा गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल हासिल करने के लिए बधाई देने पर अमेरिकी की प्रतिक्रिया क्या है तो उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को महत्व देते हैं और दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं, लेकिन गति, दायरा और चरित्र दोनों देशों द्वारा निर्धारित किया जाना चाहिए, न कि अमेरिका के द्वारा।

10 जून को पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने पीएम मोदी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी थी। वहीं, पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने भी पीएम मोदी को बधाई दी और कहा कि हालिया चुनावों में बीजेपी की सफलता पीएम मोदी के नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाती है। जिसके जवाब में पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर दोनों का धन्यवाद किया।

पत्रकार वार्ता के दौरान मिलर से पत्रकार ने सवाल किया कि पीएम मोदी के तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद भारत-अमेरिका संबंध कहां खड़े हैं। इसका जवाब देते हुए मिलर ने कहा, अमेरिका-भारत घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध साझा करते हैं। दोनों देश हिंद-प्रशांत रणनीति पर काम करने वाले भागीदार बने रहेंगे। बता दें कि 9 जून को नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनके शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया था।

## हीटवेव से देश में हो रहीं रिकॉर्ड मौतें

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्से इन दिनों भयंकर गर्मी और हीटवेव से जूझ रहे हैं। इस साल गर्मी का प्रकोप इतना खतरनाक रहा कि अब तक देश में गर्मी से रिकॉर्ड 143 लोगों की जान चली गई है। साथ ही 41,789 लोग हीटस्ट्रोक से पीड़ित हुए। गौरतलब है कि यह आंकड़े 1 मार्च से लेकर 20 जून तक के हैं। हीटवेव से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या अभी और बढ़ सकती है क्योंकि गर्मी संबंधी बीमारी और मौतों की सर्विलांस करने वाले नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने कई राज्यों के आंकड़ों को अभी तक अपडेट नहीं किया है। साथ ही कई स्वास्थ्य केंद्रों को भी हीटवेव से होने वाली मौतों का आंकड़ा अभी अपडेट करना है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही हीटस्ट्रोक के कारण 14 लोगों की मौत हुई है।

## स्नातक करने वाले विदेशी छात्रों को मिलेगा ग्रीन कार्ड

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को सुझाव दिया कि जो विदेशी छात्र अमेरिका से स्नातक की पढ़ाई करते हैं, उन्हें अपने आप अमेरिका में रहने और काम करने के लिए ग्रीन कार्ड मिल जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि शअमेरिका को दुनिया के बेहतरीन दिमाग वाले लोगों को यहां रोकने की जरूरत है।



जो लोग यहां रुकना चाहते हैं और उनके पास कोई अच्छी योजना है, जिससे देश को फायदा हो सकता है तो उन्हें यहां रोकना चाहिए। दरअसल एक पॉडकास्ट के दौरान कई उद्यम पूंजीदाताओं के साथ बातचीत के दौरान डोनाल्ड ट्रंप से सवाल किया गया कि हम कैसे दुनियाभर के बेहतरीन दिमाग को अमेरिका ला सकते हैं। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि अगर आप किसी कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल करते हैं तो आपको अपने आप ही इस देश में रहने के लिए ग्रीन कार्ड मिल जाना चाहिए। इसमें जूनियर कॉलेज भी शामिल हैं।

ट्रंप ने कहा कि शमैं कई ऐसी कहानियां जानता हूं, जहां लोगों ने हमारे देश के शीर्ष कॉलेजों से स्नातक की डिग्री ली और वो हमारे देश में रहने के इच्छुक थे और उनके पास बेहतरीन बिजनेस आइडिया था, लेकिन वे यहां रह नहीं सके। अगर कोई यहां से पढ़ाई करता है, लेकिन वह किसी कंपनी के साथ सिर्फ इसलिए डील नहीं कर सकता क्योंकि वह यहां रहने में सक्षम नहीं है तो यह उनके राष्ट्रपति बनने के बाद पहले दिन से यह खत्म होगा। डोनाल्ड ट्रंप जो वादा कर रहे हैं, अगर वह उसे पूरा करते हैं तो यकीनन इस फैसले का भारतीयों को सबसे ज्यादा फायदा होगा क्योंकि अमेरिका में हर साल लाखों की तादाद में भारतीय छात्र पढ़ते हैं।

अमेरिका से स्नातक करने वालों को अमेरिका की नागरिकता देने की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ट्रंप का अप्रवासियों के खिलाफ रवैया सख्त रहा है। वह अवैध अप्रवासन के मुद्दे पर काफी मुखर रहे हैं और मौजूदा बाइडन सरकार पर अवैध अप्रवासियों को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगा चुके हैं।

## पुतिन और किम के बीच सुरक्षा समझौते से घबराया अमेरिका

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन के बीच हुए सुरक्षा समझौते ने अमेरिका को परेशान कर दिया है। गुरुवार को अमेरिका ने इस पर गहरी चिंता जाहिर की और कहा कि इससे पूरा कोरियाई प्रायद्वीप अस्थिर हो जाएगा। गौरतलब है कि पुतिन ने हाल ही में उत्तर कोरिया का दौरा किया।



इस दौरे पर दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक सुरक्षा समझौता हुआ है, जिसके तहत एक देश पर हमले की स्थिति दूसरा देश तुरंत सैन्य और अन्य मदद देगा। गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति वियतनाम के दौरे पर पहुंचे, वहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने ये भी कहा कि रूस, उत्तर कोरिया को हथियारों की सप्लाई भी करेगा। पुतिन ने धमकी देते हुए कहा कि शजिस तरह पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई कर रहे हैं, उसके जवाब में वह भी उत्तर कोरिया को हथियारों की सप्लाई करेंगे। इस पर अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि यह धमकी बेहद चिंताजनक है। इससे पूरा कोरियाई प्रायद्वीप अस्थिर हो जाएगा। यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि किस तरह के हथियारों की सप्लाई हो रही है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का भी उल्लंघन है, जिसका खुद रूस ने समर्थन किया था। हाल ही में दक्षिण कोरिया ने अपने एक बयान में कहा था कि वह अपने प्रतिबंध में छूट देकर यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई करने पर विचार कर रहा है।

## बाढ़ के कारण असम का हाल हुआ बेहाल

**कोलकाता।** पिछले कुछ दिनों से असम में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। शुक्रवार को भी यहां बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। कई जिलों के चार लाख लोग बाढ़ के प्रभाव से जूझ रहे हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

कोपिली, बराक और कुशियारा समेत कई नदियां अपने खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं। 19 जिलों के करीब चार लाख लोग बाढ़ग्रस्त इलाकों में रहने को मजबूर हैं। इन जिलों में बजाली, बक्सा, बारपेटा, बिस्वनाथ, कछार, दरांग आदि शामिल हैं।

## हथियारों की आपूर्ति को लेकर पीएम नाराज

**नई दिल्ली।** हमास और इस्राइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



अमेरिका भी अपने दोस्त की मदद लगातार कर रहा है। हालांकि, अब इस दोस्ती में दरार आती दिख रही है। दरअसल, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वॉशिंगटन द्वारा भेजे जाने वाले हथियारों को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन परेशान हो गए। अमेरिकी हथियारों की इस्राइली प्रधानमंत्री द्वारा आलोचना किए जाने पर बाइडन प्रशासन और नेतन्याहू के बीच इस सप्ताह नया तनाव सामने आया है। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को टिप्पणियों को परेशान और निराशाजनक बताया। पूरे मामले की शुरुआत तब हुई, जब नेतन्याहू ने इस सप्ताह की शुरुआत में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर दावा किया कि अमेरिकी प्रशासन हाल के महीनों में अपने देश से हथियार और गोला-बारूद आने से रोक रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा काउंसिल प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि यह बयान पूरी तरह से निराशाजनक करने वाला था।

निश्चित तौर पर हमें परेशान करने वाली हैं, क्योंकि हम काफी समर्थन कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमास से मिल रही धमकियों के कारण कोई और देश इस्राइल की मदद को आगे भी नहीं आ रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: **amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941**